प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. बजट सत्र के दौरान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने दिया जवाब : कहा– टेक्नॉलजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी बनकर उभरा है प्रदेश।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 फरवरी को ग्रेटर नोएडा में सेमीकंडक्टर यूनिट का करेंगे शिलान्यास : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में होंगे वर्चुअलो शामिल।
3. प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज गाजियाबाद में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर की समीक्षा बैठक : कहा– अंतिम तिथि से पहले सुनिश्चित किया जाए लंबित मामलों का निस्तारण।

और

4. आज मनाया जा रहा विश्व रेडियो दिवस : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है यह दिन।

————————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के पांचवें दिन विधानसभा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण पर जवाब दते हुए मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ

ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं है। देश की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में उत्तर प्रदेश शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश टेक्नॉलजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी बनकर उभरा है और देश के विकास का अग्रिम इंजन बनकर उसका नेतृत्व कर रहा है। बाइट...

*स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया इन सब को प्रभावी ढंग से आज प्रदेश के अंदर लागू करने में हमें सफलता प्राप्त 20,000 से अधिक हमारे पास स्टार्टअप यूपी के अंदर वर्तमान में काम कर रहे हैं। 76 इनक्यूबेटर्स हैं, सात हमारे पास सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हैं और आठ यूनिकॉर्न उत्तर प्रदेश की युवा नेतृत्व और इनोवेशन की ताकत को आज प्रदर्शित कर रहा है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' और 'रूल ऑफ लॉ' आज उत्तर प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब दंगों की जगह फेस्टिवल और टेम्पल इकोनॉमी विकसित हो रही है। बाइट.....

*अब भय का वातावरण नहीं है। अब लोगों के मन में आस्था है। कर्फ्यू कल्चर की जगह जीरो टॉलरेंस कल्चर ने लिया है। अब दंगों की जगह फेस्टिव और टेंपल इकोनॉमी ग्रो कर रही है। कोई स्वस्थ था था अयोध्या में करोड़ों लोग आएंगे। 2013 के प्रयागराज कुंभ में कुल 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे और इस बार की माघ मेला में ही 21 करोड़ श्रद्धालु आया है।*

श्री योगी ने कहा कि डाटा सेंटर क्लस्टर में यूपी लीड कर रहा हैं, यह प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में हुए बदलाव का नतीजा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 20,000 स अधिक स्टार्टअप, 76 इनक्यूबेटर हैं। बाइट...

*ये 9 वर्ष की जो यात्रा ये सरकार की अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। कर्फ्यू से कानून का राज का है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है। समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास है। अब यह उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं है। आज यह ट्रिपल टी का एक प्रतीक बना है। ट्रिपल टी टेक्नोलॉजी ट्रस्ट एंड ट्रांसफॉर्मेशन यानि इन तीनों की एक त्रिवेणी बन करके उठा।*

इससे पूर्व सपा सदस्य ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से मौत का मामला उठाया। जिस पर जवाब देते हुए प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये प्रदेश के सभी जिलों में अतिरिक्त आरटीओ की नियुक्ति की गई है। उधर, विधान परिषद में आज शिक्षा के गिरते स्तर पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा सरकार के लिए राजनीतिक एजेण्डा नहीं है बल्कि प्राथमिकता है। प्रश्न प्रहर में सपा सदस्य के एक सवाल के जवाब में श्री सिंह ने कहा कि शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाये जाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है और जल्द ही इस पर निणर्य लिया जायेगा।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 फरवरी को ग्रेटर नोएडा के यमुना सिटी सेक्टर–28 में उत्तर भारत की पहली

सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास करेंगे। यह समारोह यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण– यीडा क्षेत्र में होगा, जहां इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तीन हजार सात सौ छह करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रदेश सरकार की ओर से कंपनी को सेक्टर–28 में 48 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। यह यूनिट डिस्प्ले ड्राइवर आईसी का उत्पादन करेगी, जो मोबाइल फोन, लैपटॉप, पीसी, ऑटोमोबाइल्स और अन्य डिस्प्ले पैनल वाले उपकरणों में उपयोग होती है। यह परियोजना भारत के सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिवर्ष लगभग 45 हजार करोड़ रुपये का यागदान देने में सक्षम होगी। परियोजना से प्रदेश में लगभग 3,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है।

———————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज भदोही में सुरियावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। श्री पाठक ने चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने और अस्पताल की बिल्डिंग की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बाइट.....

*इनके पास धनराश पर्याप्त उपलब्ध है और ये अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है तो शासन भेजे हम उसको स्वीकृत करके सुरा अस्पताल को बेहतर से बेहतर मरीजों की सुविधा के लिए तैयार करना है। हम हर स्थिति में अपने प्रदेश के लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं दे रहे हैं।*

*सबसे बड़ी बात है जच्चा बच्चा वार्ड है यहाँ मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने में हमारी सरकार ने सफलता पाई है।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज गाजियाबाद में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान, मतदाताओं को भेजे गए नोटिसों की स्थिति और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि लंबित मामलों का निस्तारण तय अंतिम तिथि से पहले सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल हाने से वंचित न रहे। बाइट.....

*बहुत ही कम संख्या में नाम कटे हैं। अगर किसी के विरुद्ध फॉर्म साथ आ भी जाता है तो कोई घबराने की बात नहीं है क्योंकि बिना उस व्यक्ति को नोटिस दिए, उसको सुनवाई का मौका दिए, किसी का नाम नहीं काटा जाएगा। किसी भी पात्र मतदाता का नाम ऐसी हमारी व्यवस्था है कि नहीं कटेगा।*

————————

केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईएम लखनऊ में तीन नए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित पाठ्यक्रमों की घोषणा की है। दिल्ली में भारत बोधन एआई कानक्लेव 2026 में इन पाठ्यक्रमों की घोषणा के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता भारत के विकास में निर्णायक भूमिका निभाएगी। आईआईएम लखनऊ में शुरू किए जाने वाले एआई पाठ्यक्रमों में चार वर्षीय बीएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड बिजनेस एनालिटिक्स प्रमुख है, जिसमें प्रवेश जेईई एडवांस्ड के माध्यम से दिया जाएगा। किसी भी आईआईएम में यह पहला स्नातक कार्यक्रम होगा। इसके अलावा, संस्थान ने सत्र 2027–28 से दो वर्षीय टेक एमबीए कार्यक्रम और पाँच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएस टेक एमबीए पाठ्यक्रम की भी घोषणा की है।

————————

आज विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 1946 में संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता–एआई एक उपकरण है, आवाज़ नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के

**प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है। विश्व रेडियो दिवस पर पेश है आकाशवाणी समाचार की ये खास पेशकश.....**

*आज विश्व रेडियो दिवस पर चलिए बात करते है कुछ आवाजों की, जिन्होंने श्रोताओं के दिलों में खास जगह बनाई। गाना सुनना हो या समाचार सुनना, स्वर चित्रहार, अच्छी, बुरी सभी सूचनाएं रेडियो से ही मिलती थीं। लाइव मैच की कमेंट्री हो या सरकारी कामकाज, खेती–बाड़ी हो या फिर रोजगार सभी की जानकारी का एक मात्र साधन रेडियो ही था। जाने माने समाचार वाचक देवकीनंदन पांडे का रेडियो के बारे में क्या था कहना आईये सुनते हैं। हमारी आवाज ही लोगों के कानों तक जाती है, शक्ल दिखलाई नहीं देती, वैसे रेडियो की बात आपको बता दें कि अभी इस मुल्क में खत्म नहीं होती। तो वहां तो रेडियो की उतनी ही इम्पोर्टेंस आज भी है, जितनी पहली थी। बचपन में जब अमीन सयानी का हर दिल अजीज कार्यक्रम 'बिनाका गीतमाला' सुनते तो लगता कि यह आवाज किसी दूसरी दुनिया से आती है। अब आप बैठक जाइए जल्दी से अपने रेडियो दोस्त अमीन सयानी के साथ, गीत माला की छाव में। आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद अपना पसंदीदा प्रोग्राम 'मन की बात' रेडियो पर करते हैं। मैं आज रेडियो के माध्यम से आपसे कुछ मन की बातें बताना चाहता हूं। 30 साल से रेडियो सुन रहे हमारे श्रोता देवेन्द्र दास का मानना है कि रेडियो का कोई विकल्प नहीं हो सकता। आकाशवाणी समाचार के लिए फरहत नाज।*

**(समाप्त)**